# भारत बनेगा विश्व का सर्वश्रेष्ठ देश : डॉ. यादव

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी नगर, कोलार रोड क्षेत्र में कर्मश्री संस्था की विशाल तिरंगा यात्रा को मदर टेरेसा स्कूल से रवाना किया। उन्होंने खुली जीप में सवार होकर यात्रा का नेतृत्व किया। इस दौरान युवाओं, वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं, स्कूली बच्चों और व्यापारियों ने तिरंगा लेकर उत्साहपूर्वक भाग लिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया में सामर्थ्यशाली देश के रूप में उभर रहा है। आजादी के अमृतकाल तक भारत विश्व का सर्वश्रेष्ठ देश बनेगा। उन्होंने तिरंगा यात्रा में उमड़े उत्साह की सराहना करते हुए राष्ट्रध्वज की गरिमा बनाए रखने और उससे जुड़े



नियमों का पालन करने का आह्वान किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश गरीब, किसान, युवा और महिलाओं सहित सभी वर्गों के कल्याण के लिए आगे बढ़ रहा है। प्रदेश में वर्ष 2027 को युवावर्ष के रूप में मनाया जाएगा। उन्होंने युवाओं से देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता के प्रति समर्पित रहने की अपील की।

यात्रा के दौरान कोलार रोड तिरंगों से पट गया। जगह–जगह स्थानीय लोगों ने पुष्पवर्षा कर मुख्यमंत्री का स्वागत किया। वंदेमातरम् और भारत माता की जय के नारों से वातावरण गूंजता रहा। विधायक रामेश्वर शर्मा ने युवाओं से नशे से दूर रहने और संविधान व राष्ट्रीय मूल्यों के प्रति प्रतिबद्ध रहने की अपील की।















मेसर्स दैनिक नईदुनिया के लिए प्रकाशक अपूर्व तिवारी के द्वारा 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन-1,भोपाल-462011 से प्रकाशित एवं मुद्रक डॉ. विश्वास तिवारी के द्वारा नईदुनिया प. प्रा.लि., 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन-1, भोपाल-462011 से मुद्रित। प्रबंध संपादक: डॉ. सुरेन्द्र तिवारी एवं संपादक: अपूर्व तिवारी। * फोन-0755-2550900-01, e-mail : naidunia@gmail.com ( * समाचार पत्र से संबंधित सभी प्रकार के विवादों के लिए न्याय क्षेत्र सिर्फ भोपाल होगा।) आर.एन.आई. रजि. क्र. 47694/88, www.naiduniaonline.com